GOVERNMENT OF HARYANA/हरियाणा सरकार

Directorate School Education
विद्यालय शिक्षा निदेशालय

Off.: Shiksha Sadan, Sector 5, Panchkula, Haryana134109(India) - Tel: 91(0172)-2560246 Fax: 91(0172)-2560253
कार्यालयः शिक्षा सदन, सैक्टर 5 पंचकुला–134109 (भारत) दूरभाष : 91 (0172) 2560246 फैक्सः 91 (0172) 2560253
e-mail: edusecondaryhry@gmail.com - site: www.schooleducationharyana.gov.in

सेवा में

Net

1. निदेशक, एस0सी0ई0आर0टी0 हरियाणा गुरूग्राम।
2. सभी जिला शिक्षा अधिकारी हरियाणा राज्य।
3. सभी जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी हरियाणा राज्य।
4. सभी प्राचार्य, डाईट/बाईट/गैटी हरियाणा राज्य।

यादी कमांक 22/62–2017 एच0आर0एम0ई0 (4)
दिनांक, पंचकूलाः– 17/3/17

विषयः– **क्षेत्रीय कार्यालयों में कार्यरत मिनिस्ट्रियल स्टॉफ का MIS Portal पूर्ण करने तथा सभी वर्ग के स्वीकृत, भरे हुए तथा रिक्त पदों का विवरण उपलब्ध करवाने बारे।**

–0–

उपरोक्त विषय के संदर्भ में।

विषयांकित मामले में निदेशालय के संज्ञान में आया है कि जब भी निदेशालय स्तर से मिनिस्ट्रियल स्टॉफ के कोई भी पदोन्नति या स्थानांतरण आदेश इत्यादि किए जाते हैं तो आपके स्तर पर सूचित किया जाता है कि आपके कार्यालय में रिक्ति उपलब्ध नहीं है। जबकि आपके स्तर पर ही MIS Portal के डाटे में स्पष्ट तौर पर रिक्ति दर्शायी जाती है। जिसका रिकार्ड निदेशालय स्तर पर उपलब्ध है। इसलिए यह मामला बडा गम्भीर प्रवृत्ति का होता जा रहा है।

इसलिए निदेशालय स्तर पर पुनः निर्णय लिया गया है कि आपको पुनः निर्देश दिए जाएं कि अपने–अपने जिले में कार्यरत मिनिस्ट्रयल स्टॉफ का MIS Portal तुरन्त अपडेट करके निदेशालय की आई0टी0 शाखा से निजी स्तर पर स्वीकृत करवाएं। अन्यथा यदि इस प्रकार के मामलों में किसी प्रकार का विरोधाभास उत्पन्न होता है तो इसकी जिम्मेवारी पूर्ण तौर पर आपकी अपनी होगी।

इसके अतिरिक्त आपको यह भी निर्देश दिए जाते हैं कि अपने–अपने जिले के सम्पूर्ण मिनिस्ट्रियल स्टॉफ की कार्यालय /विद्यालय वार स्वीकृत, भरे हुए तथा रिक्त पदों का विवरण भी आज दिनांक 17.03.2017 को सांय 5 बजे से पहले इस निदेशालय की ई–मेल (dse.hrme@gmail.com) पर हर अवस्था में डालना सुनिश्चित करें। इसके अतिरिक्त पुनः यह भी अंकित किया जाता है कि रिक्त पदों की सूचना भी नियमित तौर पर MIS Portal पर भी अपडेट करें।

कृप्या इसकी दृढता से पालना की जाए।

अधीक्षक एच0आर0एम0ई0
कृतेः निदेशक सेकैण्डरी शिक्षा हरियाणा
पंचकूला।

Office: Shiksha Sadan, Sector 5, Panchkula, Haryana 134109 (India) - Tel: 91(0172)-2560246 Fax: 91(0172)-2560253
कार्यालयः शिक्षा सदन, सैक्टर 5 पंचकुला–134109 (भारत) दूरभाष : 91 (0172) 2560246 फैक्सः 91 (0172) 2560253